सीबीएसई/सीटीईटी/2021 **30.07.2021**

प्रेस प्रकाशनी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षा के लिए एक ऐसा समग्र संदृश्य उपलब्ध कराती है जो रटने से सीखने की बजाय 21वीं सदी के कौशल और क्षमता हासिल करने की ओर एक बदलाव का संकेत देती है। एनईपी, 2020 (पैरा 5.4) विषय-वस्तु और शिक्षाशास्त्र दोनों के मामले में बेहतर परीक्षण सामग्री विकसित करने हेतु टीईटी को मजबूत करने पर बल देती है। एनईपी डिजिटल साक्षरता, डिजिटल शिक्षाशास्त्र, प्रौद्योगिकी के उपयोग और इसके एकीकरण पर भी बल देता है ताकि पूरे देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज के रूप में बदला जा सके। टीईटी के उद्देश्य को बनाए रखते हुए, सीबीएसई केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि शिक्षण पेशे में आने के लिए अभिक्षमता और उत्साह वाले अभ्यर्थियों को आकर्षित करने और चयनित करने के इसके मूल उद्देश्य को प्रतिबिंबित किया जा सके। सीटीईटी को शिक्षण पेशे में प्रवेश के लिए मूल और महत्वपूर्ण दक्षताओं को प्रतिबिंबित करना चाहिए और इन पहचानी गई दक्षताओं को उचित वैधता, विश्वसनीयता और निष्पक्षता के साथ आंकना चाहिए।

इसलिए, एतदद्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि **सीटीईटी के मौजूदा पाठ्यक्रम और प्रश्न पत्र की संरचना के अंतर्गत**, प्रश्न पत्र तथ्यात्मक ज्ञान की तुलना में वैचारिक समझ, अनुप्रयोग, समस्या-समाधान, तर्क और विवेचनात्मक चिंतन का अधिक आकलन करने के लिए विकसित किए जाएंगे। विषय को पढ़ाने के बारे में अभ्यर्थियों की समझ, उनके शैक्षणिक सामग्री संबंधी ज्ञान, स्कूल पाठ्यक्रम में विषय के उनके ज्ञान की प्रासंगिकता, और विषय को पढ़ाने के अन्य आयामों- जैसे शैक्षणिक विषय-वस्तु के ज्ञान के आकलन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा जिसमें अवधारणात्मक स्पष्टता विकसित करने के लिए रणनीतियाँ, शिक्षण-अधिगम सहायक सामग्री का उपयोग, अवधारणा के लिए विशिष्ट आकलन पद्धतियाँ और शिक्षण-अधिगम अनुभव योजना के आकलन करने वाले प्रश्न शामिल हैं। सीटीईटी परीक्षा की तैयारी के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सीबीएसई द्वारा आँकने योग्य सक्षमताओं, सैंपल ब्लूप्रिंट और सैंपल प्रश्नों के साथ एक विस्तृत आकलन रूपरेखा जारी की जाएगी।

यह भी अधिसूचित किया जाता है कि अगली सीटीईटी परीक्षा दिसंबर 2021/जनवरी 2022 के दौरान **ऑनलाइन मोड** में आयोजित की जाएगी जो अत्याधुनिक शिक्षकों को कंप्यूटर साक्षर बनने के लिए प्रेरित करेगी। यह प्रश्न पत्रों और ओएमआर शीट की छपाई के कारण होने वाले कागज की भारी बर्बादी को भी बचाएगा। ऑनलाइन सीटीईटी परीक्षा न केवल कोविड के सख्त प्रोटोकॉल के अनुरूप सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि परिणामों के तीव्र प्रसंस्करण और घोषणा की सुविधा भी प्रदान करेगी। सीबीएसई जिलों में सुविधा केंद्र स्थापित करेगा जहां अभ्यर्थियों को ऑनलाइन मॉक टेस्ट देने की सुविधा (निशुल्क) प्रदान की जाएगी।

सीटीईटी की अगली परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अनुसूची और परीक्षा की तारीखों के बारे में विस्तृत अधिसूचना अलग से सम्यक अनुक्रम में जारी की जाएगी।

निदेशक (सीटीईटी)

PS 1-2, Institutional Area, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110 092
Phone: 011-22240142, 22247176 Website: www.cbse.nic.in: www.ctet.nic.in E-mail:ctetadcard2018@gmail.com